# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ,श्रावस्ती।

**पत्रांक–उच्चीकृत–के0जी0बी0वी0 / स्टाफ चयन–विज्ञापन / 300 / 2026–2027 दिनॉक– 03/ 06/ 2026**

**विज्ञप्ति**

जनपद–श्रावस्ती में संचालित उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदो के सापेक्ष शैक्षिक सत्र 2026–27 में संविदा पर शैक्षिक / शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन / नियुक्ति, किये जाने के संबंध में राज्य परियोजना निदेशक के शासनादेश संख्याः I/570148/2024/ File No.68-5099/23/2024-25 दिनॉक–28/05/2024 व पुनः संशोधित शासनादेश संख्याः 68 / 5099 / 23 / 2024–25–अनुभाग–5 बेसिक शिक्षा–( बेसिक शिक्षा विभाग ) I/775757/2024 दिनांक–21.10.2024 व राज्य परियोजना कार्यालय के पत्र संख्याः के0जी0बी0वी0 / 7114 / 2024–25 दिनांक–28.10.2024 के अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय की अनुमति दिनांक–29 / 05 / 2026 के कम में जनपद श्रावस्ती में नवीन उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (कक्षा 9 से 12 तक) के संचालन हेतु शैक्षिक सत्र–2026–27 में संविदा पर ( 11 माह 29 दिन हेतु ) शैक्षिक / शिक्षणेत्तर स्टाफ चयन / नियुक्ति निम्न विवणानुसार केवल महिला योग्यताधारी अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित किये जाते है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र –18 / 06 / 2026 तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भिनगा श्रावस्ती सांय 05 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। रिक्त पदो की संख्या घट / बढ. सकती है।

**पदो का विवरण विषयवार, पदवार, वर्गवार निम्नवत् है–( समस्त पद महिला अभ्यर्थी हेतु आरक्षित)**

**तालिका–01 (उच्चीकृत के0जी0बी0वी0 सिरसिया एवं जमुनहा हेतु शैक्षिक स्टाफ विवरण )**

| जनपद–श्रावस्ती | | रिक्त शैक्षिक पद | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क0सं0 | विषय विवरण | UNRESEVE | OBC | SC | ST | कुल रिक्त पद |
| 1 | प्रधनाचार्या | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 2 | पी0जी0टी0 हिन्दी | 2 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 3 | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | 2 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 4 | पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान | 2 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 5 | पी0जी0टी0 भैतिक विज्ञान | 2 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 6 | पी0जी0टी0 जीव विज्ञान | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 7 | पी0जी0टी0 गणित | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 8 | पी0जी0टी0 कम्प्यूटर | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| | योग | **12** | **1** | **0** | **0** | **12** |

**तलिका–02 (उच्चीकृत के0जी0बी0वी0 सिरसिया एवं इकौना, जमुनहा , हरिहरपुर रानी एवं गिलौला हेतु गैर शैक्षिक स्टाफ विवरण )**

| जनपद–श्रावस्ती | | रिक्त गैर शैक्षणिक पद | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0सं0 | विषय विवरण | UNRESEVE | OBC | SC | ST | कुल रिक्त पद |
| 1 | लैब अस्टिेंट | 3 | 1 | 1 | 0 | 5 |
| 2 | कार्यालय अधीक्षक / लिपिक | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | सहायक रसोंइया | 3 | 0 | 1 | 0 | 4 |
| 4 | अनुचर | 2 | 1 | 0 | 0 | 3 |
| 5 | चौकीदार | 2 | 1 | 0 | 0 | 3 |
| | **योग** | **11** | **3** | **2** | **0** | **16** |

नोट– प्रधानाचार्या जिस विषय की अर्हता रखती है उस विषय की पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नही की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा। अर्थात उपरोक्त सारणी में सम्बन्धित विषय अध्यापिका का पद शून्य माना जायेगा।

| क्र0सं0 | पद | शैक्षिक अर्हता | वरीयमान अर्हता |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रधानाचार्या | 01– प्रशिक्षित एम0ए0 ( हिन्दी / अंग्रेजी ) अथवा एम0एससी0 भौतिक विज्ञान / रसायन विज्ञान / जन्तु विज्ञान / वनस्पति विज्ञान / गणित / कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है, कक्षा 09 से 12 में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाई स्कूल के प्रशिक्षण स्त्रातक प्रधानाध्यापक के रूप मे कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबम्ब यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो।<br>2– किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडियट कक्षाओं में दस वर्षों का शिक्षण अनुभव के साथ–साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नाकोत्तर उपाधि ।<br>अथवा<br>03–विज्ञान में प्रशिक्षित स्नाकोत्तर डिप्लोमाधारी, प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | प्रशिक्षित |
| 02 | पी0जी0टी0 हिन्दी | हिन्दी में एम0ए0 तथा संस्कृत के साथ बी0ए0 अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी। | प्रशिक्षित |
| 03 | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य | प्रशिक्षित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नाकोत्तर उपाधि ( पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। | |
| 04 | पी0जी0टी0 गणित | 1—एम0ए0 अथवा एम0एस0सी0 गणित<br>अथवा<br>2— गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी0ए0 ( आनर्स) अथवा बी0एस0सी0 ( आनर्स) | प्रशिक्षित |
| 05 | पी0जी0टी0 जीव विज्ञान | 1—वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम0एस0सी0<br>अथवा<br>2— कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम0एस0सी0 , बी0एस0सी0 में जन्तु विज्ञान<br>अथवा<br>3— कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम0एस0सी0 , बी0एस0सी0 में वनस्पति विज्ञान<br>अथवा<br>4—यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से एम0एस0सी0 ( लाइफ साइंस )<br>अथवा<br>5—किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नाकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0 | प्रशिक्षित |
| 06 | पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान | 1— रसायन विज्ञान में एम0एस0सी0<br>अथवा<br>2— रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठयक्रम के साथ बी0एस0सी0 ( आनर्स)<br>अथवा<br>3—यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से स्नाकोत्तर ( बायोकेमिस्ट्री )<br>4—किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नाकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0 | प्रशिक्षित |
| 07 | पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान | 1—एस0एस0सी0 (भौतिक शास्त्र )<br>अथवा<br>2— किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नाकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0 | प्रशिक्षित |
| 08 | कम्प्यूटर विज्ञान | 1— एमटेक (कम्प्यूटर विज्ञान )<br>अथवा<br>2—बी0ई0/बी0टेक (कम्प्यूटर विज्ञान ) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से<br>अथवा<br>3—एम0सी0ए0 अथवा एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर विज्ञान ) | प्रशिक्षित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी" लेबिल आफ डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स ) <br> अथवा <br> 4– स्नाकोत्तर डिग्री के साथ पी0जी0 डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से <br> अथवा <br> 5–स्नाकोत्तर डिग्री के साथ बी0एस0सी0 (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ) <br> अथवा <br> 6–स्नाकोत्तर डिग्री के साथ ऐ–लेबिल ऑफ डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स ) | |
| 09 | लैब असिस्टेन्ट | हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा <br> अथवा <br> मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडियट विज्ञान वर्ग के साथ | प्रशिक्षित |
| 10 | कार्यालय अधीक्षक/लिपिक | 1–माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडियट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। <br> 2– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडियट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो। <br> अथवा <br> कम्प्यूटर संचालन डोएक/NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण–पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण–पत्र। <br> अथवा <br> कम्प्यूटर सांइस में डिप्लोमा/डिग्री। <br> 3– कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट। | प्रशिक्षित |
| 11 | चपरासी/चौकीदार ( पूर्ण कालिक) | कक्षा 08 पास तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संकामक रोग से ग्रसित नही होना चाहिए। | |
| 12 | मुख्य/सहायक रसोईया ( पूर्ण कालिक) | कक्षा 08 पास तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संकामक रोग से ग्रसित नही होना चाहिए। | |

नियम व शर्तेः–

1– उक्त समस्त पदों पर मात्र महिला अभ्यर्थी का ही आवेदन स्वीकार होगा।

2– आवेदन पत्र साफ एवं सुन्दर अक्षरों में साफ हस्तलिखित/अंकित ही स्वीकार्य होगा, जिस पर अभ्यर्थी का पूर्ण बायोडाटा अंकित होना अनिवार्य है।

3– पूर्णकालिक शिक्षिका, मुख्य रसोईया/सहायक रसोईया को विद्यालय परिसर में छात्राओं के साथ अनिवार्य रूप से निवास करना होगा।

4– आवेदन पत्र के लिफाफे पर उपर स्पष्ट मोटे अक्षरों में पर आवेदित पद का नाम, आरक्षण श्रेणी, विषय एवं "उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय" श्रावस्ती अंकित होना आवश्यक है, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

5– उपयुर्क्त समस्त पद पर एक शैक्षिक सत्र अर्थात 11 माह 29 दिन अथवा शैक्षिक सत्र के अन्तिम दिवस को संविदा स्वतः समाप्त हो जायेगी। कार्य, व्यवहार एवं आचरण संतोषजनक होने पर आगामी शैक्षिक सत्र के लिए सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से संविदा बढायी जा सकती है।

6– इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र जिसमें स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज का वर्तमान फोटो लगा होने के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों, अंकपत्रों, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। साक्षात्कार/काउंसिलिंग के समय समस्त उपरोक्त सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

7–किसी सेवा में बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एव दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नही होंगे। यदि चयनोपरान्त उक्त तथ्य प्रकाश में आता है तो बिना किसी नोटिस के संविदा समाप्त कर दी जायेगी।

8–स्वंय का पता लिखा दो लिफाफे 50–50 रूपये का डाक टिकट लगाकर संलग्न करे।

9–चयनोपरान्त, नियुक्ति जनपद के किसी भी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रिक्त पदो के सापेक्ष की जा सकती है।

10–विज्ञाप्ति किये जा रहे पदों की संख्या/विषय जनपदीय समिति के निर्णयानुसार घट–बढ सकती सकती है।

11– अर्पूण/हस्ताक्षर रहित/संलग्नक रहित/साधारण डाक से प्राप्त एवं अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न न होने पर या निर्धारित प्रारूप से भिन्न आवेदन पत्र होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

12–आयु की गणना 01–01–2026 से की जायेगी।

13– प्रधानाचार्या के लिए 01 अप्रैल 2026 को न्यूनतम आयु 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।

14– शेष समस्त पदो के लिए 01 अप्रैल 2026 न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।

15– मुख्य रसोंइया/सहायक रसोंइया, चापरासी एवं चौकीदार पर पर चयन साक्षात्कार के आधार पर तथा अन्य समस्त पदों पर चयन मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

16– कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

17– आरक्षण–राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार देय होगा।

18– अन्य नियम व शर्तें जनपदीय समिति के अधीन होंगी।

19– आरक्षण विषयवार, पदवार, वर्गवार देय होगा।

20– उपरोक्त चयन प्रकिया में संशोधन/निरीस्तीकरण का अधिकार जनपदीय चयन समिति में निहित होगा।

21– विस्तृत दिशा–निर्देश https://shravasti.nic.in पर उपलब्ध है।

(आकांक्षा रावत)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद–श्रावस्ती।

संलग्नक–क

# उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय–श्रावस्ती हेतु आवेदन–पत्र

1. आवेदित पद का नाम................................................................................................

स्वप्रमाणित नवीनतम फोटो

2. विषय का नाम........................................................................................................
3. अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बडे अक्षर में).....................................................................
4. पिता / पति का नाम..................................................माता का नाम..............................................
5. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)..........................................................................................

जन्म तिथि...................................आयु 01.04.2026 को आयु..............वर्ष..............माह..............दिन..........

6. जाति..........................................................वर्ग.......................................................................
7. पत्राचार का पता.........................................................................................................

पिन कोड..............................दूरभाष..............................................ई–मेल.........................................

8. स्थाई पता...............................................................................................................
9. अनुभव....................................................................................................................
10. शैक्षिक योग्यताः–

| क्र0 सं0 | परीक्षा का विवरण | बोर्ड / वि0वि0 का नाम | वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | प्रास्नातक | | | | | | |
| 5 | प्रशिक्षण | | | | | | |
| 6 | टी0ई0टी0 (जूनियर स्तर) | | | | | | |
| 7 | अन्य | | | | | | |

**घोषणा**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करती हूं कि मैने विज्ञप्ति में अंकित की गयी पात्रता की समस्त शर्ते सावधानीपूर्वक पढी है वह मुझे मान्य है। उक्त समस्त शर्तें मै पूरी करती हूं। इस आवेदन में अंकित किये गये समस्त विवरण / सूचनाएं पूर्णतयः सत्य है। कोई भी तथ्य मेंरे द्वारा छुपाया नहीं गया है। यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की तथ्य त्रुटिपूर्ण पाया जाता है तो मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाय जिसपर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। इससे संबंधित किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगी।

दिनांक..................

संलग्नक...............

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

(पूरा नाम पता सहित)

संलग्नक — ख.

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय–श्रावस्ती हेतु आवेदन–पत्र

स्वप्रमाणित नवीनतम फोटो

1. आवेदित पद का नाम.................................................................................................
2. अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बडे अक्षर में).........................................................................
3. पिता / पति का नाम..................................................माता का नाम.......................................
4. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)...............................................................................................
5. जन्म तिथि..................................आयु 01.04.2026 को आयु..............वर्ष..............माह.............दिन........

   जाति..........................................................वर्ग..........................................................................

6. पत्राचार का पता.................................................................................................................

   पिन कोड.............................दूरभाष..............................................ई–मेल.......................................
7. स्थाई पता.........................................................................................................................
8. अनुभव...............................................................................................................................
9. शैक्षिक योग्यता:–

| क्र0 सं0 | परीक्षा का विवरण | बोर्ड / वि0वि0 का नाम | वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कक्षा–5 | | | | | | |
| 2 | कक्षा–8 | | | | | | |
| 3 | हाई स्कूल | | | | | | |
| 4 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 5 | स्नातक | | | | | | |
| 6 | प्रास्नातक | | | | | | |
| 7 | अन्य | | | | | | |

**घोषणा**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करती हूं कि मैने विज्ञप्ति में अंकित की गयी पात्रता की समस्त शर्ते सावधानीपूर्वक पढी है वह मुझे मान्य है। उक्त समस्त शर्तें मै पूरी करती हूं। इस आवेदन में अंकित किये गये समस्त विवरण / सूचनाएं पूर्णतयः सत्य है। कोई भी तथ्य मेंरे द्वारा छुपाया नहीं गया है। यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की तथ्य त्रुटिपूर्ण पाया जाता है तो मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाय जिसपर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। इससे संबंधित किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगी।

दिनांक...................

संलग्नक...............

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

(पूरा नाम पता सहित)